# डा. अम्बेडकर इन्स्टीट्यूट ऑफ टैक्नॉलॉजी फॉर दिव्यांगजन, उ. प्र., कानपुर

प्रशासकीय परिषद की 13वीं बैठक दिनांक 23.07.2024 को अपराह्न 12.30 बजे मा0 अध्यक्ष प्रशासकीय परिषद, ए0आई0टी0डी0, कानपुर/मा0 मंत्री, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में ऑनलाइन माध्यम से सम्पन्न हुई बैठक का कार्यवृत्त।

**उपस्थिति :–**

| क.सं. | नाम व पदनाम | स्थिति |
|---|---|---|
| 1 | श्री एम0 देवराज,<br>प्रमुख सचिव,<br>प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन, लखनऊ | उपाध्यक्ष |
| 2 | श्री यशवन्त सिंह, अपर निदेशक, कोषागार, कानपुर।<br>(प्रमुख सचिव, वित्त, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा नामित) | सदस्य |
| 3 | श्री जे.एल. यादव,<br>संयुक्त सचिव, उत्तर प्रदेश शासन,<br>(प्रमुख सचिव, नियोजन उत्तर प्रदेश शासन द्वारा नामित) | सदस्य |
| 4 | श्री कृपा शंकर यादव,<br>संयुक्त सचिव, न्याय, उ.प्र. शासन<br>(प्रमुख सचिव, न्याय उ. प्र. शासन द्वारा नामित) | सदस्य |
| 5 | श्री राकेश कुमार,<br>उपनिदेशक दिव्यांगजन, कानपुर मण्डल,<br>(प्रमुख सचिव, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उ. प्र. शासन द्वारा नामित) | सदस्य |
| 6 | डा0 राजू अरख, प्रवक्ता शिक्षा,<br>(निदेशक, अली यावर जंग नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्पीच एण्ड हियरिंग एण्ड डसएबीलिटीज, मुम्बई के प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 7 | प्रो. जे.पी. पाण्डेय,<br>कुलपति,<br>डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0, लखनऊ | सदस्य |
| 8 | प्रो0 शमसेर,<br>कुलपति, एच.बी.टी.यू., कानपुर। | सदस्य |
| 9 | श्री विवेक द्विवेदी,<br>महा प्रबंधक, एल्मिको,<br>(अध्यक्ष–प्रबन्ध निदेशक, एलिम्को, कानपुर के द्वारा नामित) | सदस्य |
| 10 | श्री अन्नावि दिनेशकुमार,<br>निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, कानपुर। | सदस्य |
| 11 | प्रो0 रचना अस्थाना,<br>निदेशक,<br>डा. अम्बेडकर इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी फार दिव्यांगजन, उ. प्र., कानपुर | सदस्य–सचिव |

**कार्यवाही:**

प्रशासकीय परिषद की बैठक अध्यक्ष प्रशासकीय परिषद, ए0आई0टी0डी0,कानपुर/मा. मंत्री, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में आहूत की गयी। निदेशक एवं सदस्य सचिव ने मा. अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं प्रशासकीय परिषद के सम्मानित सदस्यों का स्वागत करने के उपरान्त कार्यवाही प्रारंभ करने हेतु मा0 अध्यक्ष महोदय से अनुमति प्राप्त की एवं तत्पश्चात् एजेण्डा बिन्दुओं पर कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।

**13.01 प्रशासकीय परिषद की 12वीं बैठक दिनांक 23.10.2020 के कार्यवृत्त की पुष्टि।**

प्रशासकीय परिषद की 11वीं बैठक दिनांक 26.03.2019 के कार्यवृत्त का अवलोकन करते हुये इसकी पुष्टि की गयी।

**13.02 प्रशासकीय परिषद की 12वीं बैठक दिनांक 23.10.2020 के निर्णयों/संस्तुतियों पर कृत कार्यवाही।**

प्रशासकीय परिषद की 12वीं बैठक दिनांक 23.10.2020 के कार्यवृत्त को अवलोकित किया गया।

**13.03 संस्थान की प्रगति आख्या का अवलोकन।**

परिषद द्वारा संस्थान की प्रगति आख्या का अवलोकन करते हुए संतोष व्यक्त किया गया। डिप्लोमा संकाय में प्रवेश की स्थिति पर चिंता व्यक्त की गई। प्रवेश संख्या बढ़ाये जाने हेतु व्यापक प्रचार–प्रसार कराये जाने के साथ ही एल्मिको कानपुर के पास एक होर्डिंग लगवाने के निर्देश दिये गये। दिव्यांगजनों हेतु स्थापित तकनीकी संस्थान की विशिष्टता के दृष्टिगत सत्र 2024–25 में संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद की काउन्सिलिंग के उपरान्त रिक्त सीटों पर प्रवेश के संबंध में प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन के साथ बैठक कर रिक्त सीटों को भरे जाने की कार्यवाही किये जाने पर सहमति व्यक्त की गई।

**13.04 संस्थान की प्रशासकीय परिषद की 12वीं बैठक के उपरान्त सम्पन्न हुई वित्त समिति की बैठकों के कार्यवृत्तों का पटलीकरण /अवलोकन।**

प्रशासकीय परिषद की 12वीं बैठक दिनांक 23.10.2020 के उपरान्त सम्पन्न हुई संस्थान की वित्त समिति की 30वीं बैठक दिनांक 23.03.2021, 31वीं बैठक दिनांक 29.3.2022, 32वीं बैठक दिनांक 27.03.2023 एवं 33वीं बैठक दिनांक 26.02.2024 के कार्यवत्तों का पटलीकरण व अवलोकन किया गया तथा लिये गये निर्णयों पर प्रशासकीय परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**13.05 संस्थान एल्युमिनाई एसोसिएशन के गठन पर अनुमोदन।**

प्रशासकीय परिषद द्वारा सैद्वान्तिक सहमति प्रदान करते हुये नियमानुसार कार्यवाही पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**13.06. संस्थान में स्ववित्त पोषित आधार पर बी0फार्मा पाठ्यकम प्रारम्भ किये जाने पर विचार।**

प्रशासकीय परिषद द्वारा संस्थान में स्ववित्त पोषित आधार पर बी0फार्मा पाठ्यकम प्रारम्भ किये जाने हेतु फार्मेसी काउन्सिल ऑफ इण्डिया/ए0के0टी0यू0, लखनऊ में मानकानुसार आवेदन किये जाने पर सहमति प्रदान की गई।

**13.07 स्ववित्त पोषित आधार पर संचालित पाठ्यकम में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के मानकानुसार चयन समिति पर अनुमोदन।**

प्रशासकीय परिषद द्वारा स्ववित्त पोषित आधार पर संचालित डिग्री पाठ्यकम में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, नई दिल्ली के मानकानुसार चयन समिति पर सहमति प्रदान करते हुये संस्थान के सोसाइटी बाइलॉज में सम्मिलित कराये जाने के निर्देश दिये गये।

**13.08 संस्थान में व्याख्याता भौतिकी के पद पर कार्यरत डा0 राजेश कुमार के धारणाधिकार (Lien) बढ़ाये जाने एवं वेतन रहित अवकाश स्वीकृत करने पर विचार।**

प्रशासकीय परिषद द्वारा डा0 राजेश कुमार, व्याख्याता, भौतिकी के धारणाधिकार (Lien) बढ़ाये जाने एवं वेतन रहित अवकाश (Leave without Pay) स्वीकृत करने पर शैद्वान्तिक सहमति प्रदान करते हुये प्रकरण शासन से परीक्षण कराने के उपरान्त नियमानुसार कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये।

**13.09 अन्य विषय माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।**

मा0 अध्यक्ष महोदय द्वारा प्रशासकीय परिषद की बैठक समय पर कराये जाने के निर्देश दिये।

अन्त में अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

22.8.24
(रचना अस्थाना)
सदस्य सचिव
प्रशासकीय परिषद,
ए0आई0टी0डी0, कानपुर
एवं,
निदेशक, ए0आई0टी0डी0, कानपुर

22/08
(आशीष पटेल)
अध्यक्ष,
प्रशासकीय परिषद,
ए0आई0टी0डी0, कानपुर
एवं,
मा0 मंत्री,
प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश